वनबंधु परिषद
Van Bandhu Parishad - Rashtriya Mahila Samiti

EKAL SHAKTI

Volume XVI, June - July '22

भारत की आज़ादी का अमृत महोत्सव

घर घर फहरायें तिरंगा,
तिरंगा ही हमारी पहचान।
देशभक्ति का मार्ग एकल का,
ग्रामोत्थान से राष्ट्र उत्थानः
शहीदों की पावन स्मृति में,
झुकाएँ शीश - करें सम्मान
नवसंकल्प, नवऊर्जा से,
छुयें सफलता के नए आयाम

अध्यक्षीय मनोगत

द्रौपदी मुर्मू- हमारी प्रेरणा स्त्रोत

राष्ट्रपति पद के लिए पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू का चुनाव जातीय और सांस्कृतिक रूप से संपूर्ण विश्व के लिए लोकतांत्रिक परंपरा की एक सुंदर मिसाल है। उनकी इस असाधारण उपलब्धि पर एकल परिवार उन्हें हार्दिक बधाइयां देता है।

एक बेहद साधारण स्कूल से शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत भी द्रौपदी मुर्मू का इतना सम्माननीय पद पाना यह सिद्ध करता है कि शिक्षा, संस्कार और जागरूकता ही आत्म विश्वास के मूल भूत कारण हैं। शुरुआती शिक्षा पूरी करने के बाद द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर के रामा देवी महाविद्यालय से आर्ट्स की डिग्री हासिल की और एक शिक्षक के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की। तत्पश्चात उन्होंने सिंचाई विभाग में जूनियरअसिस्टेंट के रूप में कार्य किया। द्रौपदी मुर्मू का व्यक्तिगत जीवन भी त्रास दियों से भरा रहा। सन् 2009 -2015 के मध्य द्रौपदी मुर्मू के दोनों बेटे, मां, भाई और पति भी पंच तत्व में विलीन हो गए। अपने स्वजनों का साथ छूटना द्रौपदी मुर्मू के लिए बहुत ही कठिन दौर था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और समाज के लिए कुछ करने के लिए उन्होंने राजनीति में और दृढ़ता से कदम बढ़ाया।

1997 में उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई और तबसे उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने जीवन में आए सभी व्यक्तिगत और राजनीतिक बाधाओं का उन्होंने पूरी हिम्मत से मुकाबला किया जिसके फलस्वरूप उनका व्यक्तित्व और भी मजबूत हुआ।

वे बीजेपी की ओडिशा इकाई की अनुसूचित जन जाति मोर्चा की उपाध्यक्ष और बाद में अध्यक्ष भी रहीं। ओडिशा सरकार में परिवहन, वाणिज्य, मत्स्य पालन और पशु पालन जैसे मंत्रालयों को भी संभालने के अवसर उन्हें प्राप्त हुए। उड़ीसा की रायगंज विधान सभा सीट से उन्होंने विधायक का चुनाव भी जीता। 2007 में उन्हें ओडिशा विधान सभा द्वारा साल के सर्वश्रेष्ठ विधायक के लिए नीलकंठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सन् 2013 में उन्हें बीजेपी राष्ट्रीय कार्य कारिणी (एस टी मोर्चा) के सदस्य के रूप में नामित किया गया। 2015 से 2021 तक झारखंड के राज्यपाल का दायित्व निभाने के पश्चात उन्होंने अपना समय रायगंज में सामाजिक कार्यों को समर्पित कर दिया।

आदिवासी संथाल समुदाय में पली-बढ़ी भारत की पहली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन बेहद चुनौती पूर्ण रहा। नारी शक्ति के रूप में उनका जीवन सभी महिलाओं के लिए एक आदर्श उदाहरण है। एक शिक्षक से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक का उनका सफर सभी को; विशेषकर वन वासियों को चिर काल तक प्रेरित करता रहेगा कि अनेक असुविधाओं और अभावों के पश्चात भी दृढ़ संकल्प हो तो कुछ भी असंभव नहीं।

आजादी के अमृत वर्ष के प्रारंभ में इतना बड़ा बदलाव हमारी प्रगति और उत्थान का संकेत है। एकल परिवार को भी उनसे अपार प्रेरणा प्राप्त होती है कि हम और भी उत्साह से अपने ग्रामीण और वन वासी भाई बहनों के जीवन को आत्म विश्वास से भर दें ताकि वे भी द्रौपदी मुर्मू की तरह समाज के कल्याण और देश सेवा के पथ पर अग्रसर हो सकें।

जय भारत! जय एकल!
लता मालपानी
अध्यक्ष - राष्ट्रीय महिला समिति

सचिव की कलम से

प्रिय बहनो,
जय हिंद

हम सभी ने आज़ादी का अमृतमहोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। प्रकृति रंगीन हो गई, सारा देश और हर तन-मन देशभक्ति के रंग में रंग गया। सब तरफ़ तिरंगे का केशरिया, हरा और सफ़ेद रंग छा गया। कहीं शहीदों का सम्मान हो रहा है, कहीं उत्सव, कहीं गूँजते देश भक्ति गान। केसरिया रंग त्याग व बलिदान का प्रतीक है। त्याग और बलिदान हम करते हैं, क्योंकि हम शूरवीर व वीरांगनाएँ हैं, अपनी भारत माँ की रक्षा करना जानते हैं। सफ़ेद रंग शांति, एकता व सच्चाई को दर्शाता है। हम अमनपसंद व सहनशील है, लेकिन हम अत्याचारियों व विभाजनकर्ताओं के लिए काल के समान हैं।हरा रंग विश्वास, उर्वरता व संपन्नता का प्रतीक है और यही हमारे संगठन का ढाँचा है। नगर व ग्राम का एक दूसरे पर विश्वास, एक दूसरे के माध्यम से संपन्नता, उर्वरक शक्ति बढ़ाने के प्रयास।

बहनो आजकल हर बात फ़ॉर्वर्ड करने का ज़माना है। हम बचपन में 'Passing the Parcel' खेलते थे, जो अपने पास आता उसे तुरंत आगे पहुँचा देते। अब हम २४ घंटे WhatsApp पर यही कर रहे है, जो आया वह ज्ञान दूसरों को दे दिया, ख़ुद ख़ाली के ख़ाली। देशभक्ति के नारे लगाकर, गीत गाकर, चित्र खिचवाकर फ़ॉर्वर्ड करना हमारा जोश है, देश से प्यार है, देशभक्ति नहीं। गहराई से चिंतन, मनन, देशोत्थान के अथक प्रयास, संगठन के प्रति निष्ठा देशभक्ति है।

तो चलिए आने वाले समय में ग्राम विकास, स्त्रियों की आर्थिक आत्मनिर्भरता, कौशल विकास की ओर प्रयत्न कर देशविकास की ओर अग्रसर होते हैं।नवयोजना, नवविकास, नव कल्पना व नवऊर्जा के साथ किए प्रयत्नो से हमारे कार्य को नवगति दें। वैसे भी समय के साथ नई दिशा व नए प्रयत्न उत्साह का संचार करते हैं वरना शिथिलता आना स्वाभाविक है।

अगस्त हमारा सेवापात्र माह है। सेवा पात्र संग्रह के प्रयास चरम सीमा पर होंगे। Ekal Exposition-1 सभी के प्रयास से सबसे बड़ी व सफल एग्ज़िबिशन कहलाई। अतः Exposition-2 में आपसे अधिक अपेक्षा स्वाभाविक है। हम ३४ समितियाँ मिलकर असम्भव को सम्भव बनाने की ताक़त रखते हैं। कृपया अधिक से अधिक स्टॉल बुक करने में सहयोग करें। श्रावण भादों में वनयात्रा का आनंद चरम सीमा पर होगा। अतिवृष्टि के इलाक़ों में महिला समितियों द्वारा किए गए सहायता कार्य अतिप्रशंसनीय व सम्वेदनशील हैं।

भोपाल में केंद्र की AGM में प्रथम बार सभी महिला समितियों के प्रतिनिधि आमंत्रित हैं।वनबन्धु परिषद के पुरुष वर्ग द्वारा महिला समिति की जितनी सराहना व उनके कार्यों की प्रशंसा की जाती है वह सच में उदाहरणीय है। यह भी हमें प्रोत्साहन देता है। समिति विस्तार की ओर हमें अधिक प्रयासरत होना है। सदस्य ही संगठन की इकाई है और हमारी शक्ति भी।

आप सभी को आने वाले उज्ज्वल भविष्य के लिए बहुत शुभ कामनाएँ।

एकल अभिवादन के साथ
विनीता जाजू
सचिव,
राष्ट्रीय महिला समिति।

Editorial Board

Smt. Lata Malpani

Smt. Vinita Jajoo

Smt. Shobhana Paranjpye

Smt. Rashmi Chandak

Upcoming Online Exhibition

Ekal Exposition -2

आज के तकनीकी युग की माँग।

This is our endeavour to connect Buyers & Sellers PAN - INDIA!

The proceeds of this exhibition go to
empower Rural Women and educate Vanvasi Children.
When you participate with us, you help in making a stronger nation too!

जय हिंद।

Lata Malpani - President
Vineeta Jaju - Secretary

Exhibition Directors
Nima Jain & Chaya Kabra

जोनल मीटिंग: ईस्ट जोन

वनबंधु परिषद कोलकाता महिला समिति ने २६ जुलाई २०२२ को ईस्ट ज़ोन की बैठक एकल भवन कोलकाता में आयोजित की। बैठक से एक दिन पहले ईस्ट ज़ोन की महिला समितियों की सदस्याएँ, २५ जुलाई को सबेरे आ गई थीं। ईस्ट जोन की आठ समितियां, भुवनेश्वर से ५, रायपुर से ४, राँची से २, जमशेदपुर से ४, धनबाद से ३, रोउरकेला से २, सह समिति संबलपुर से ४ और झारसुगड़ा से ११ सदस्याएँ आयी थीं। सभी के रहने का इंतज़ाम महेश्वरी विकास परिषद भवन में किया गया था। कोलकाता की सभी बहने उपस्थित थीं।

एकल संगिनी प्रदर्शनी में सब ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। दिन में सबने दक्षिणेश्वर मंदिर का दर्शन किया और उन्हें शान्ताजी की बारानगर जूट मिल में स्वादिष्ट भोजन करवाया गया। रात्रि में ईस्ट ज़ोन चेयरपर्सन श्रीमती शांताजी सारडा के निवास पर आयोजित सिंधारा कार्यक्रम में सभी ने संगीतमय दांडिया तथा रात के भोजन का भी आनंद उठाया। संबलपुर की बहनों ने अत्यंत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।

जोनल मीटिंग: ईस्ट जोन

२६ जुलाई को सुबह १० बजे से एकल भवन में दो सत्रों में मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग की शुरुआत ॐ के उच्चारण से हुई। एकल गीत का विडीओ दिखाया गया। पुष्पांजलि हुई।

कोलकाता समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभाजी बिनानी द्वारा स्वागत उद्बोधन के बाद ईस्ट ज़ोन की चेयरपर्सन श्रीमती शान्ताजी सारडा द्वारा सदस्यों को संबोधित किया गया। विशिष्ट अतिथिगण श्रीमती संगीताजी जटिया (डायरेक्टर लायंस क्लब इंटरनेशनल) व श्रीमती अमृताजी नेवर (ओनर ताजा टीवी) ने भी उपस्थित जनों को सम्बोधित किया।

राष्ट्रीय महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती लताजी मालपानी एवं ज़ोनल आयोजन सचिव श्रीमती विमलाजी दम्माणी, चेन्नई ने बैठक में भाग लेकर इसकी गरिमा बढ़ाई।

उन के परिचय के पश्चात प्रत्येक समिति ने अपनी गतिविधियों की जानकारी दी।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती संगीताजी जटिया (Director, Lions Club International) एवं श्रीमती अमृताजी नेवर (Owner Taaza TV) का सम्मान किया गया । विमलाजी ने 'समिति विस्तार' पर मार्गदर्शन दिया। लताजी मालपानी ने कार्पोरेट जगत में विख्यात 'Swot Analysis' से कार्यशैली बेहतर करने पर प्रकाश डाला।

दूसरे सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेशजी सरावगी एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री रमेशजी माहेश्वरी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। एकल अभियान कार्यालय से श्रीमती रूपाजी अग्रवाल एवं श्रीमती गौरीजी अग्रवाल ने एकल कार्यकर्ता App के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय संरक्षिका पुष्पाजी मुंदड़ा का आशीर्वचन हुआ।

बैठक में सभी समितियों द्वारा किये जा रहे कार्यों व इनकी आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन श्रीमती जयश्रीजी गोयल ने किया। मीटिंग बहुत ही सारगर्भित व सफल रही। खाने की व्यवस्था कोलकाता की बहनों ने बहुत सुचारु रूप से की थी। शांताजी और कोलकाता टीम ने सबका बहुत अच्छा ख्याल रखा।

ईस्ट ज़ोन सचिव
जयश्री गोयल

NORTH ZONE
AGRA MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Shalini Garg

सखी संगम:

वन बंधु परिषद आगरा महिला समिति ने १६ जून को सखी संगम के नए सत्र का शुभारम्भ किया।

ओम के पश्चात् लताजी जैन द्वारा योगा के बारे में बताया गया।

योग दिवस:

२१ जून को योग दिवस के उपलक्ष में योग के लिए ३८ महिलायें बगीचे में उपस्थित थीं।। ४ नए सदस्य और जुड़ गये।

तीज उत्सव:

२६ जुलाई को तीज उत्सव का प्रारम्भ ओम व एकल गीत से किया गया।
सभी ४९ महिलायें हरे परिधान में उपस्थित थीं। तीज उत्सव में सभी ने मल्हार पर नृत्य किया। तीज क्वीन को हरे रंग की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।
फिजियो थैरेपिस्ट डॉक्टर राजपूत गुलशनजी विशेष आमंत्रित थे, जिन्होंने ४५ वर्ष से ऊपर की महिलाओं की बैठने की सही स्थिति व पैर और हाथ में दर्द का समाधान बताया।
सुरुचिपूर्ण भोजन के साथ मीटिंग का समापन किया गया।

NORTH ZONE
DELHI MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Tulika Bhadada

एकल अभियान द्वारा आयोजित २१ जून विश्व योग दिवस और आजादी के ७५ वें वर्ष अमृत महोत्सव पर वनबंधु परिषद, नॉर्थ जोन चेयरमैन श्री राजकुमार करवा जी की अध्यक्षता में एकल के १० गांवों में दिल्ली महिला समिति तथा चैप्टर समिति से २० सदस्यों ने योग शिविर में भाग लिया। यह योग शिविर उत्तर प्रदेश के बागपत अंचल संच खेकड़ा और बागपत के गांव फकरपुर, फ़िरोज़पुर, मुबारकपुर, भगोत, बडगों, मेहनावा, बागपत, मेवला, गौरीपुर और संतोषपुर में सम्पन्न हुऐ। जिसमें प्रत्येक ग्राम में एकल विद्यालय के छात्रों के अतिरिक्त ग्रामवासी एवं नगर संगठन के अनेक सदस्य भी सम्मिलित हुऐ। प्रत्येक गांव में लगभग ६० से ८० सदस्यों ने योग शिविर में भाग लिया। दिल्ली चैप्टर से श्री राजकुमार करवा, नॉर्थ जोन चेयरमैन, महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रेणु करवा, कार्यकारी अध्यक्षा श्रीमती मधुरिका मुंदरा, उपाध्यक्ष श्री विजय सेठी, कोषाध्यक्ष श्री विनोद किला एवं श्रीमती अनीता किला तथा अन्य समिति सदस्य श्री राजकुमार डागा एवं श्रीमती सुशीला डागा, श्रीमती नीरा मारवाह, श्रीमती राजश्री मोहता, श्रीमती रुक्मिणी मोहता, श्रीमती अंजू सोमानी, श्री संदीपजी, श्रीमती विनीता बियानी, श्रीमती इंदु लढा, श्री संदीप गुप्ता एवं अन्य सदस्य सम्मिलित हुऐ।

समिति के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि योग हमारे जीवन शैली का एक प्रमुख अंग है और योग व प्राणायाम हमारे शरीर को स्वस्थ रखते है और स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ देश की पहचान है, स्वस्थ भारत के निर्माण हेतु प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। एकल अभियान के माध्यम से निरंतर एकल गांव में ग्रामीणों एवं बच्चों को योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया जाए जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में उत्तरोत्तर वृद्धि हो। श्रीमती विनीता बियानी जी की पुत्री सृष्टि बियानी ने बच्चों को बासुरी पर राष्ट्रीय गीत सुनाया और श्रीमती राजश्री मोहता की पुत्री पयस्वी मोहता ने बच्चों के साथ प्राणायाम किया।

वनबंधु परिषद, दिल्ली महिला समिति की मासिक बैठक ३० जुलाई को सेवापात्र प्रभारी श्रीमति रेणू लड्ढा के निवास स्थान पर हुई। ३ बार ओंकार के उच्चारण से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती रेणु जी करवा ने की। सचिव श्रीमती वीना काबरा ने पिछली सभा के मिनिट्स पढे एवं सभी उपस्थित बहनों ने उसे स्वीकृति प्रदान की।

इस मीटिंग में कार्यकर्ता विभाग प्रभारी श्रीमती बरखा जी अग्रवाल उपस्थित थी।

बरखाजी ने परिवार सहायता योजना से सभी बहनों को अवगत करवाया और इस योजना के सभी आयामों के बारे में सभी की शंकाओं समाधान किया तथा प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इससे प्रेरित हो कर दिल्ली महिला समिति ने एक अष्टम कक्षा की छात्रा की एक वर्ष की पढ़ाई का पूरा ख़र्च उठाने का निर्णय लिया।

हमारी सदस्या श्रीमति सुनीता धूत जी के प्रयास से उनके एक रिश्तेदार ने एक सप्तम कक्षा की छात्रा की पढ़ाई का सम्पूर्ण ख़र्च उठाने का उत्तरदायित्व लिया।

बरखाजी ने शबरी बस्ती के आयामों की भी विस्तृत चर्चा की। Ekal Exposition पर भी चर्चा हुई। Exhibition प्रभारी श्रीमति विनीताजी बियानी ने विस्तार पूर्वक इसके बारे में बताया और सबसे एक Stall स्वयं लेने का अनुरोध किया।

रक्षाबन्धन के सुअवसर पर ८ अगस्त को एकल ऑफ़िस में जा कर सभी कर्मचारी एवं बंधुओ को राखी बाँधने का कार्यक्रम रखा गया।

बहुत हर्ष का विषय है कि ३ नई सदस्याएँ महिला समिति से जुड़ीं।

यह मीटिंग में तीज़ कार्यक्रम के रूप में गायन तथा नृत्य के साथ सम्पन्न हुई।

मीटिंग के अंत में शान्ति पाठ हुआ। स्वादिष्ट नाश्ते के साथ मीटिंग की समाप्ति हुई।

Media Prabhari
Smt. Sheila Tambi

बस्ती में अग्निपीड़ितों की सहायता:

१ जून को रावण बस्ती में कई घरों के जलने से भोजन की समस्या पैदा हो गई। जयपुर महिला समिति के आग्रह पर श्रीमती माया बोथरा ने तत्काल ५० व्यक्तियों का भोजन बनवाकर स्वयं जाकर उन परिवारों से मिलकर, उन्हें भोजन उपलब्ध कराने के साथ हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

शबरी बस्ती कार्य:

१० जून जयपुर चैप्टर की वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में महिला समिति द्वारा शबरी बस्ती योजना के तहत, शिव मंदिर, सेन बस्ती पर हनुमान चालीसा के पाठ के साथ साथ भजन का बहुत सुंदर कार्यक्रम संपन्न हुआ। बस्ती के मंदिर परिसर में भक्ति भजन, हनुमान चालीसा का पाठ, प्रसाद, शरबत, हनुमान चालीसा की पुस्तके एवं पीने के पानी के मटके भी वितरित किये गये। बस्तीवालों के लिए रामायण पर आधारित प्रश्न प्रतियोगिता के आयोजन में पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती प्रीति बाहेती और श्रीमती सरिता काबरा थीं। ।

सखी संगम:

१८ जून को जयपुर महिला समिति एवं सखी संगम ग्रुप की सभा का आयोजन किया गया। वक्ता श्रीमती निर्मला सेवानी (भविष्य वक्ता, ज्योतिषाचार्य) थीं। सेवानीजी द्वारा ध्यान और मंत्र जप के माध्यम से कुंडली जागृत करने का अभ्यास कराया गया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से पर्यावरण को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक की थैली व सामान का उपयोग बंद करने, अपने घर, बगीचे, सड़क किनारे एवं फार्म हाऊस में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आवाहन किया।

योग दिवस:

२१ जून को समिति द्वारा विश्व योग दिवस के अवसर पर अंचल -अजमेर, संच - किशनगढ़ के ग्राम इंदोली में महिला समिति संरक्षिका पुष्पाजी डंगायच, सचिव शीला ताम्बी, कोषाध्यक्ष मायाजी बोथरा एवं सीताजी गुप्ता ने चैप्टर की ओर से भाग लिया। लगभग १५० ग्रामीण महिलाएँ, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे। योग व वृक्षारोपण का महत्व बताया गया। समिति ने आचार्य के परिवार का कुशलक्षेम जाना।

शबरी बस्ती कार्य:

समिति द्वारा आरंभ किए गए कार्यक्रम में २८ जून को सेन बस्ती कॉलोनी के हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में बच्चों व महिलाओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजनों का गायन हुआ। सभी में बहुत उत्साह था। आरती और प्रसाद वितरण हुआ।

प्रदर्शनी:

महिला समिति ने शुभम् सोसायटी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में स्टॉल लगाया जिसमें राँची ग्रामोत्थान से मंगाया शहद, चावल, हल्दी, आसाम की चाय, पपड़ी, मठरी, बच्चों के कपड़े, चिवड़ा आदि सामग्री बिक्रय हेतु रखी गई। इसमें लगभग १ लाख रुपये की बिक्री हुई। इस प्रदर्शनी के द्वारा हमने जन-जन तक एकल के आयामों को प्रदर्शित करने का प्रयास किया एवं एकल की कार्य प्रणाली का प्रचार-प्रसार हुआ। महिला समिति की महिलाओं ने लगन से कार्यभार सम्भाला।

सावन उत्सव:

सावन उत्सव पर महिला समिति द्वारा सखी संगम कार्यक्रम १६ जुलाई को रखा गया। २५ सदस्य उपस्थित थे। सावन की थीम पर हाऊजी एवं बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिताओं में सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया।
प्रमुख ब्यूटी एक्सपर्ट श्रीमती सबलजीत सिंह ने सदस्यों को ४० की उम्र के पश्चात स्किन और बालों की विशेष सम्हाल के टिप्स दिए।

रक्षाबंधन:

समिति द्वारा दिनांक ३० जुलाई को राजस्थान संभाग समन्वय वर्ग के अवसर पर सेवाव्रती कार्यकर्ताओं एवम् समिति पदाधिकारियों के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम में सभी को रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई व बेड शीट भेंट की। ३० कार्यकर्ता एवं २८ समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

Media Prabhari
Smt. Shilpa Parasrampuria

वनबन्धु परिषद अहमदाबाद महिला समिति की नये सत्र की तृतीय मासिक बैठक 'डिआना चाय नाश्ता रेस्टोरेन्ट' में ३५ सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई। सचिव ने पिछले कार्यक्रम के मिनिट्स पढ़ें। निवर्तमान अध्यक्ष उर्मिला जी ने प्रोजेक्टर पर विडियो द्वारा 'एकल को जानो' तथा 'एकल के प्रति हमारी भूमिका' के बारे में जानकारी दी। सेवा पात्र वितरण, नये मेम्बरों का जुडना, वन यात्रा जाना आदि पर विचार विमर्श किया गया। एकल किड्स लाइब्रेरी परियोजना की प्रगति के बारे में अवगत कराया गया। आगामी कार्यक्रम बम्पर हाऊजी की तैयारी के बारे में जानकारी दी गयी। शान्ति पाठ द्वारा मीटिंग का समापन किया गया ।

वनबन्धु परिषद अहमदाबाद महिला समिति ने नवांकुआ गेड गाँव में दिनांक ६ जुलाई को हिम्मत नगर आँचल के तीनों सन्चो के ४५ आचार्यों से मुलाक़ात की। शामलाजी संच प्रमुख श्री जगदीश भाई, धोलापाड़ा संच प्रमुख विनुभाई, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख श्री रमेश भाई, हिम्मत नगर अंचल अभियान प्रमुख श्री नरेश भाई एवं श्री मोहन भाई व्यास भी उपस्थित थे। शामलाजी संच के आचार्यों ने लाइब्रेरी की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहाँ उपस्थित अन्य दो सन्चो के आचार्यों ने भी Kids Library शुरू करने की इच्छा ज़ाहिर की और महिला समिति ने उनसे यह काम जल्द ही पूरा करने का वादा भी किया।

२१ जून विश्व योग दिवस के महोत्सव के कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष उर्मिलाजी, चैप्टर सचिव श्री विजय भाई शाह, महिला समिति अध्यक्ष सुशीला जी, सचिव कान्ता जी आदि ३० सदस्यों ने हिम्मत नगर आँचल के तीन संच भिलोडा संच, धोलपाना संच व शामलाजी संच के एकल विद्यालयों की मुलाक़ात की और विशेष अतिथि बनकर विद्यालयों के बच्चों, उनके माता-पिता, आचार्य व गाँव के गणमान्य व्यक्तियों के साथ योग दिवस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी के मन में इस कार्यक्रम को लेकर बहुत ही उत्साह था। सभी विद्यालयों में ४० से अधिक संख्या में बच्चों ने एक साथ योग किया।

महिला समिति ने ९ जुलाई को वन यात्रा का आयोजन किया। इसमें २५ सदस्यों की उपस्थिति रही। हिम्मत नगर आँचल के भिलोडा संच, धोलापाना संच व शामलाजी संच के ७ विद्यालयों की मुलाक़ात की। इस वन यात्रा में दान दाताओं के अलावा ६ बच्चे भी शामिल थे। रेलावाडा से सभी ने अलग अलग समुह बना कर कार्यकर्ताओं के साथ अलग अलग विद्यालयों की तरफ़ प्रस्थान किया। सभी स्कूलों में माँ भारती की पूजा के बाद ऊँकार, गायत्री मंत्र व ध्येय वाक्य बच्चों द्वारा सुनाए गए। सभी विद्यालयों में वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया। भिलोडा व धोलापाना संच के २५ एकल स्कूलों में Ekal Kids Library का लोकार्पण भी किया गया। दान दाताओं द्वारा ८० विद्यालयों के २४० बच्चों को कम्पास बॉक्स (जिसमें रबर, पेन्सिल, संचा, स्केल व पेसिंल रखकर) दिये गये। सभी ने वन यात्रा के अनुभव आपस में बताये ।

महिला समिति अहमदाबाद द्वारा बच्चों की शिक्षा हेतु बम्पर हाऊजी की आयोजन १८ जुलाई को बैंकवेट हॉल में ७५० महिलाओं की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ऊँकार, प्रार्थना व दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष सुशीला जी ने इस प्रोग्राम द्वारा १०० विद्यालयों का अनुदान प्राप्त करने के लक्ष्य के बारे में बताया, जो १०१ एकल विद्यालयों के अनुदान द्वारा संपूर्ण हुआ । निवर्तमान अध्यक्ष उर्मिला जी ने महिला समिति के सफ़र की बहुत सुंदर विडियो द्वारा प्रस्तुति दी तथा सभी दानदाताओं, Gift Sponsorer and Sponsors का परिचय PPT द्वारा करवाया । सचिव कान्ता मोदानी ने मंच संचालन कार्यभार सम्भालते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान ही नये मेम्बर भी बने।

कार्यक्रम की सूत्रधार व हमारी उपाध्यक्ष विनीता जी ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य तथा सभी से एकल विद्यालय व एक बच्चे की शिक्षा हेतु सहयोग प्रदान करने की अपील की। ५५ बहनों की टीम के प्रयासों से यह प्रोग्राम इतना सफल रहा ।

Media Prabhari
Smt. Madhuri Chawsaria

वन बन्धु पारिषद अमरावती महिला समिति का अधिष्ठापन समारोह २३ जुलाई २०२२ को मुख्य अतिथि श्री रमेश जी माहेश्वरी- कार्यकारी अध्यअ व श्रीमती सरिता जी मानसिंगका- वेस्ट जोन चेयरपर्सन की गरिमामय उपस्थिति तथा मार्गदर्शन में चैप्टचै के साथ संपन्न हुआ। महिला समिति अध्यअ आशा जी लड्डा ने पदग्रहण किया।

कार्यक्रम में नागपुर व अमरावती शहर के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। महिला समिति नागपुर से भूतपूर्व अध्यक्षाअ कुमकुम जी अग्रवाल, उर्मिला जी अग्रवाल, और श्रीमती मणिजी गोयंका उपस्थित थीं

सभी ने अमरावती समिति की प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी।
कार्यक्रम के बाद पत्रकार परिषद संपन्न हुई तथा स्वादिष्ट भोजन के साथ समापन हुआ।

WEST ZONE
BHOPAL MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Anupama Sharma

भोपाल महिला समिति द्वारा प्रति माह बैठकों का आयोजन किया जाता है। बैठकों में माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों पर विचार कर योजना बनाई जाती है। कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु क्षमता अनुसार जिम्मेदारी दी जाती है।

योग दिवस:

भोपाल महिला समिति द्वारा दिनांक २१ जून, २०२२ को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी बहनों द्वारा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने एवं स्वस्थ्य रहने के उद्देश्य से योग / व्यायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिला समिति की बहनों द्वारा योग की विभिन्न आसनों के माध्यम से अन्य बहनों को प्रषिक्षण दिया गया।

वनयात्रा:

भोपाल महिला समिति द्वारा दिनांक ५ जुलाई, को वनयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बरेली अंचल के एकल विद्यालय ग्राम मड़वा एवं सातरा पहुंचकर विद्यालय दर्शन किए। वनयात्रा के दौरान बहनों ने बच्चों को पढ़ाया एवं सामान्य ज्ञान के कुछ प्रश्न पूछे। उनको उपहार एवं शिक्षण सामग्री वितरित की गई। समिति की बहनों ने सेवाव्रति कार्यकर्ताओं से ग्राम विकास संबंधी चर्चा की। वनयात्रा के दौरान दोनो ग्रामों में वृक्षारोपन किया गया। आयोजित वनयात्रा में महिला समिति एवं अन्य १० नये सदस्य सहित २५ लोगों की उपस्थिति थी।

सावन महोत्सव:

वन बंधु परिषद भोपाल महिला समिति का सावन महोत्सव २६ जुलाई को वृंदावन गार्डन में आयोजित किया गया। सभी सदस्य हरे रंग के परिधान में सज धज के आए थे। सभी ने विभिन्न तरह के खेल खेले तथा विविध प्रतियोगिता सहभागी हुए, जिसमें अल्पना अग्रवाल और पूजा जैन विजई रहे।

WEST ZONE
GWALIOR MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Onila Shinde

जून बैठक:

वनबंधु परिषद ग्वालियर महिला समिति ने ५ जून पर्यावरण दिवस के उपलक्ष मे संच मुरार के विद्यालयों से बच्चों को बुलाकर उनसे पुराने कपड़ों के थैले बनवाए व पॉलिथिन का प्रयोग न कर पर्यावरण बचाने की अपील सभी से की। बरगद के पौधों का वितरित भी किया गया।

योग दिवस:

२१ जून योग दिवस पर ग्वालियर महिला समिति से आठ महिलाएं अलग अलग चार विद्यालयों पर कार्यक्रम में शामिल हुई । चार महिलाए मुरार संच के दो विद्यालय में कार्यक्रम में शामिल हुई।

चार महिलाओं ने मुरैना अंचल के वालों संच के दो विद्यालयों में बच्चो के साथ योगासन किए । इसके उपरांत पूर्णकालिक कार्यकर्ता के परिवार से भेट की।

WEST ZONE
GWALIOR MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Onila Shinde

जून बैठक:

वनबंधु परिषद ग्वालियर महिला समिति ने ५ जून पर्यावरण दिवस के उपलक्ष मे संच मुरार के विद्यालयों से बच्चों को बुलाकर उनसे पुराने कपड़ों के थैले बनवाए व पॉलिथिन का प्रयोग न कर पर्यावरण बचाने की अपील सभी से की। बरगद के पौधों का वितरित भी किया गया।

योग दिवस:

२१ जून योग दिवस पर ग्वालियर महिला समिति से आठ महिलाएं अलग अलग चार विद्यालयों में कार्यक्रम में शामिल हुई । चार महिलाए मुरार संच के दो विद्यालयों में कार्यक्रम में शामिल हुई।

चार महिलाओं ने मुरैना अंचल के वालों संच के दो विद्यालयों में बच्चो के साथ योगासन किए । इसके उपरांत पूर्णकालिक कार्यकर्ता के परिवार से भेट की।

Media Prabhari
Smt. Meena Garg

सखी संगम:

वनबंधु परिषद इंदौर महिला समिति द्वारा २ जून का सखी संगम 'Mango Theme' पर था। अध्यक्ष माधवी झंवर ने स्वागत उद्बोधन में सभी सदस्यों को वन बंधु परिषद की वार्षिक सदस्यता लेने हेतु आग्रह किया। यह तय किया गया की सभी के एकल से भावनात्मक सम्बंध क़ायम करने के लिये हर माह सखी संगम में 'एकल को जानो' पर ५ मिनट का उद्बोधन रहेगा। पूर्व अध्यक्ष शिखा मुछाल नें वन बंधु परिषद के विभिन्न आयामो पर प्रकाश डाला। मेंगो थीम पर खेल तथा विभिन्न क्रियाकलाप करवाए गए। 'Punctual आम्रपाली' आदि विभिन्न पुरस्कार स्वरूप आम ही दिये गये।

Social Awareness Programme:

२५ जून को अध्यक्ष माधवी झंवर एवं सचिव सीमा रणधर के नेतृत्व में महिला समिति की ४० सदस्यो द्वारा Mall व २ जुलाई को सुप्रसिद्ध 'छप्पन भोग' दुकान पर Social Awareness Programme के जरिए 'एकल गीत' की प्रस्तुति 'Flash Mob' के माध्यम से की गयी। वरिष्ठ सदस्यों ने पोस्टर द्वारा वन बंधु परिषद के उद्देश्य एवं संदेश का प्रचार प्रसार किया। समारोह में बहुतायत संख्या में उपस्थित जन समुदाय को एकल विद्यालय व सहयोग राशी की जानकारी अध्यक्ष माधवीजी झंवर द्वारा दी गई। लोगों ने उत्सुकता से 'Flash Mob' देखा एवं वनबन्धु परिषद के बारेमें जिज्ञासा प्रकट क़र एकल अभियान की जानकारी ली। ५ नए सदस्य भी बने। प्रचार प्रसार का ये अनूठा प्रयास था।

योग दिवस:

समिति द्वारा २१ जून को खरगोन अंचल के मानपुर एवं मंडलेश्वर संच के १३ ग्रामों में प्रवास कर वनवासी बच्चों एवं ग्रामवासियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग की नियमावली के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करवाए गए। सभी गाँवो मे बच्चों एवं ग्राम वासियों ने योग कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया।

पिकनिक:

महिला समिति द्वारा ११ जुलाई को पिकनिक का आयोजन किया सखी संगम के ७५ सदस्यों ने भुट्टे, मुंगफली, पकोडे-चाय के साथ पिकनिक का आनंद लिया। सभी ने नये-पुराने गानो के साथ म्यूज़िकल तम्बोला व सामुहिक खेल खेले। २० सदस्यों का वनबन्धु परिषद की सदस्यता लेना उल्लेखनीय है।

सभी सदस्यों ने प्राकृतिक सौंदर्य के बीच छायाचित्र खिंचनेका खूब आनंद उठाया। सुस्वाद भोजन के बाद प्रस्थान हुआ।

वनयात्रा:

समिति ने २७ जुलाई को १२ नए मित्रों के साथ अंचल खरगोन- संच कसरावत, ग्राम करोंदिया में विद्यालय दर्शन किया। बच्चों ने गायत्री मंत्र एवं सरस्वती वंदना दोहे और चौपायी सुनाई । मनमोहक भजन, भक्ति गीत व स्वागत गीत गाए। पहाडे सुनाकर गणित के सवाल हल किये। योग भी किया तथा रामायण व देश के बारे में भी किए गए सवालों के उत्तर दिए।

आचार्य छाया मुकाती के माता-पिता का सम्मान किया गया। अंचल प्रमुख राकेश जी के सहयोग से ग्राम प्रमुख के साथ बैठक कर गाँव की जानकारी प्राप्त की ।

जुलाई मीटिंग:

२८ जुलाई को मासिक बोर्ड मीटिंग श्रीमती ज्योति जी गर्ग की गोपद गौशाला में सम्पन्न हुई।अध्यक्ष माधवीजी झंवर ने स्वागत उद्बोधन दिया।

४ अगस्त को सखी संगम के सभी सदस्यों क़ो वनयात्रा कराने एवं सहस्त्र धारा योग आश्रम पर ही मासिक किटी करने का निर्णय लिया गया। इस हेतु आनेजाने के साधन की व्यवस्था भी की गई है।

आगामी स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता के इस अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी सदस्यों को अपने घर तथा ऑफ़िस पर राष्ट्रीय ध्वज दिनांक १३ अगस्त से १५ अगस्त तक लगाने का आवाहन किया जाये यह निर्णय हुआ।

दिनांक १३ को ही देश के वीर सपूतों को समर्पित संगीत निशा का आयोजन इंदौर चैप्टर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

एक माह में दो वनयात्रा करने का निर्णय लिया गया।

संगीत कार्यक्रम आयोजित करने का निश्चय भी हुआ। सबने गौशाला का भ्रमण किया एवं ज्योतिजी के आतिथ्य में स्वादिष्ट मालवी भोजन का आनंद लिया।

Media Prabhari
Smt. Sadhna Mundra

मासिक सर्वसाधरण बैठक, जून:

मुंबई महिला समिति की मासिक बैठक ६ जून को ३५ सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस वर्ष १४ नए सदस्य जुड़े।

समिति व सभी प्रभारियों का आपसी परिचय हुआ। सभी ने अपने दायित्व के बारे में चर्चा कर सबसे सहयोग की अपील की। प्रभारियों के साथ उप प्रभारी भी नियुक्त किए गए। १० सदस्यों को सेवा पात्र दिए गए। आगामी वर्ष के कार्यक्रमों के बारे में निर्णय लिए गए।

योग भगाए रोग:

२१ जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समिति से ११ सदस्य ४ चैप्टर सदस्यों के साथ वाडा गये। दो सदस्य एक विद्यालय में, क्रमशः सात अलग-अलग गांव में जाकर योग दिवस मनाया।योग के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। सबने बच्चों, आचार्यों और कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। उसके बाद वाडा सेंटर जाकर गौशाला देखी, जैविक खेती व खाद के बारे में जानकारी प्राप्त की। Zee News द्वारा यह सभी Live Cover किया गया।जो सदस्य वाडा नहीं जा सके उनके लिए जूम पर योग का कार्यक्रम रखा गया। महिला समिति प्रेसिडेंट प्रेरणाजी बागरी ने योग, प्राणायाम और चक्र मेडिटेशन कराया। ६६ सदस्यों ने जुड़ कर इसका लाभ उठाया।

WEST ZONE

MUMBAI MAHILA SAMITI

सर्वसाधरण बैठक, जुलाई:

मुंबई महिला समिति की चौथी Genaral Body Meeting, १४ जुलाई को हुई।

- ओंकार के बाद नए सदस्यों ने पहली वनयात्रा के अनुभव साझा किए।
- सुषमा डागा ने संक्षिप्त में Online Ekal Exposition के बारे में जानकारी दी और सदस्यों से स्टॉल बुक करने की अपील की।
- एकल अभियान ग्राम संगठन की महिला प्रमुख श्रीमती उषा जी जालान ने ग्राम और नगर के बीच का सामंजस्य समझाया और अंचल प्रभारी के दायित्व के बारे में जानकारी दी।
- एकल अभियान ग्रमोत्थान के प्रमुख श्री ललन जी भी उपस्थित थे, उन्होंने सभी उपस्थितों को Digital Code किताब Ekal Atlas के माध्यम से घर बैठे एक लाख विद्यालय के बारे मे जानकारी कैसे प्राप्त की जा सकती हैं, इसके बारे में बताया।
- निकिता जी ने 'रिमझिम सावन' पर बहुत ही रोमांचक हाउजी खिलाई।
- सेवा पात्र में रु५१००/- का संग्रह हुआ।
- लेखाजी ने अपने आतिथ्य में सभी को बहुत ही स्वादिष्ट अल्पाहार करवाया।

WEST ZONE

NAGPUR MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Sunita Nawandar

नागपुर के विदर्भ भाग के अल्लापल्ली अंचल में बाढ़ से बहुत तबाही हुई थी। कई गांवों में तो संपर्क ही नहीं हो रहा था। वहां के वनवासियों को जरूरत के समान के किट्स बनवा करके नागपुर चैप्टर की मदद से १६ जुलाई को भेजे गए।

श्रीमती योगीता पनपालिया जी द्वारा एकल विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग दिए गए। महिला समिति की सदस्याओं ने योगिता जी के इस कार्य को बहुत सराहा।

Media Prabhari
Smt. Aruna Lahoti

दिनांक १० जुलाई को पुणे महिला समिति द्वारा द्रौपदी - स्वगत भाषण (A Monologue) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग १९० लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में एकल फ़िल्म दिखाई गई। तत्पश्चात् सचिव रचना भूतड़ा द्वारा सभी का स्वागत किया गया। अध्यक्ष अर्चना बेहेडे द्वारा एकल के बारे में जानकारी दी गई एवं हमारी सदस्य नेहा लद्धड द्वारा सेवा पात्र की जानकारी दी गई। बैंगलोर से पधारी श्रीमती अंजनाजी चांडक द्वारा की गई अभिव्यक्ति में द्रौपदी की भावनाओं एवं पीड़ा को बड़ी ही ख़ूबसूरती के साथ पेश किया गया। लगभग एक घंटे तक चले इस स्वगत भाषण में सारी सभा मानो महाभारत काल को जी रही थी। कार्यक्रम के अंत में सभी की आँखों में अश्रु थे, सभी स्तंभित थे; मानो वे उस काल से बाहर ही न निकलना चाह रहे हों! सभी ने खड़े होकर तालियां बजाते हुए अंजना जी की सराहना की। दर्शकों की तालियां थमने का नाम नहीं ले रही थीं। तत्पश्चात् पुणे महिला समिति की संरक्षिका श्रीमती अनुराधाजी राठी एवं पुणे चैप्टर के अध्यक्ष श्री वसंत जी राठी द्वारा शॉल तथा गांधी शांति पुरस्कार की प्रतिकृति देकर अंजना जी के प्रति आभार प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पुणे की संस्था महेश इंडस्ट्रियल ग्रुप का अमूल्य सहयोग रहा।

Media Prabhari
Smt. Shweta Jaju

इ-श्रम कार्ड कैंप

वनबंधु परिषद सूरत महिला समिति ने २८ मई को अग्रिम स्किल सेंटर में इ-श्रम कार्ड के कैंप का आयोजन कर शबरी बस्ती के १५० लोगों के एवं जरूरतमंदों के इ-श्रम कार्ड बनवाएं।

महिला समिति सूरत की सदस्य श्रीमती रश्मि साबु के सहयोग से यह कैंप संपन्न हुआ। इस कैंप में समिति की १५ सदस्य मौजूद रहीं और अपना पूरा सहयोग दिया। इस कैंप में ३० विधवाओं को विधवा सहाय योजना का लाभ दिलाने में सहयोग किया, और १५ और नये कार्ड भरवाए। आने वाले सभी सदस्यों को अल्पाहार भी कराया गया।

इस कैंप की सफलता को देखकर महिला समिति और भी गवर्नमेंट स्कीम जैसे

१. आयुष्मान भारत योजना
२. सुकन्या योजना
३. मातृत्व सहाय योजना
४. विधवा सहाय योजना

के कैंप का आयोजन करने का विचार कर रही है, जिससे हम ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों को इन योजनाओं का लाभ दिला सके। यह कैंप गांवो में जाकर भी लगाने का विचार चल रहा है।

ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना:

महिला समिति द्वारा ३ अगस्त को ग्रामोत्थान केन्द्र सोनगढ़ में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गई। पार्लर के लिये आवश्यक सामग्री के साथ श्रीमती योगिताबेन मराठे को प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। पहले बैच में ८ बहनों का रेजिस्ट्रेशन किया गया। अध्यक्ष आशिता नांगलिया, मंत्री ज्योति पंसारी व पूर्व अध्यक्ष विजया कोकड़ा सहित १५ बहनों ने सोनगढ़ प्रवास किया। बहनों द्वारा सोनगढ़ केन्द्र पर सेवाव्रतियों को राखी बांध व मुंह मीठा करवाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्र पर लोकनृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। रक्षाबंधन कार्यक्रम में सभी को मिलाकर ७० से अधिक भाई-बहनों की उपस्थिति रही। दोनो कार्यक्रम बहुत ही उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। पार्लर प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होने से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्त होगा।

योग प्रशिक्षण आयोजन

कहते हैं "तन स्वस्थ तो मन स्वस्थ" जिस देश के लोग स्वस्थ रहेंगे वह देश उन्नति और प्रगति करेगा। इसी कथन को ध्यान में रखते हुए वनबंधु परिषद महिला समिति ने एकल कार्यकर्ताओं के लिए एक योग प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन ग्रामोत्थान केंद्र, सोनगढ़ पर २७ जुलाई २०२२ को संपन्न किया। सोनगढ़ केंद्र पर एकल विद्यालयों के आचार्यों के मासिक अभ्यास वर्ग के दौरान आर्ट ऑफ़ लिविंग की योग निष्णात डॉ. शिवानी बिलिमोरिया द्वारा योग प्रशिक्षण संपन्न कराया गया।

योग कार्यक्रम में – आरोग्य प्रशिक्षण, प्राणायाम, ध्यान, मन की शान्ति, जीवन के आदर्श, खान-पान का सही तरीका, खुलकर जीवन कैसे जिया जाए, मन की शान्ति कैसे पायें आदि के लिए योगिक क्रियाएं सिखाई गई। खेल-खेल में स्वयं बच्चा बनकर छोटे बच्चों को सिखाने की कला बताई गई।ध्यान के उपरान्त सभी कीर्तन में भाव-विभोर हो गये। सभी सेवाव्रती कार्यकर्ता और आचार्य बहुत खुश हुए, खुल कर हंसे और प्रत्येक क्षण का आनन्द उठाया। महिला समिति की सभी बहनों को भी परमानंद की अनुभूति हुई| सभी आचार्य एवं कार्यकर्ता बहुत खुश थे। सभी ने एक स्वर में नियमित आकर योग करवाने की इच्छा व्यक्त की। यह सब सुनकर मन तृप्त हुआ कि महिला समिति का यह नया प्रयास सफल रहा। कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करने का तो बस अपना अलग ही आनन्द था।

Media Prabhari
Smt. Anita Jain

वन बंधु परिषद बेंगलुरु महिला समिति ने इंटरनेशनल वैश्य फाउंडेशन महिला विंग के साथ मिलकर २७ जुलाई को "आया सावन दोस्ती का" नाम से पिकनिक का आयोजन किया, जिसमें ३०० महिलाओं ने भाग लिया।

गणेश वंदना और गुब्बारे उड़ाने के बाद अध्यक्ष पुष्पा जी शारदा ने इंटरनेशनल वैश्य फाउंडेशन से आए हुए मेहमानों को एकल की जानकारी देकर एकल से जुड़ने की अपील की।

इस कार्यक्रम की रूपरेखा सचिव ऋचा छापोलिया ने तैयार की और संयोजिकाओं ने बहुत मेहनत और ख़ूबसूरती के साथ कार्यक्रम का संचालन किया, जिसमें सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

वाटिका की हरियाली और वहां की गयी सजावट, गायन और नृत्य की व्यवस्था ने कार्यक्रम को और खूबसूरत बना दिया । हिंदी गानों के साथ बहुत ही मनोरंजक तंबोला खिलाया गया। कई गणमान्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

महिला समिति ने आईवीएफ टीम का पौधा देकर सम्मान किया गया।
एकल आरोग्य की और से एक स्टॉल भी रखा गया जिसमें जैविक सामग्री थी।
कई मेहमानों ने एकल से जुड़ने के अपनी इच्छा प्रकट की।

कार्यक्रम स्थल पर स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था भी रखी गई थी। सभी को स्वागत उपहार के अलावा विभिन्न खेलों में जीतने वालों को कई तरह के पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम का सभी ने आनंद लिया व तीज का पर्व सभी ने एक साथ बड़ी धूमधाम से मनाया।

SOUTH ZONE
CHENNAI MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Bina Maheshwari

सर्वसाधारण सभा:

चेन्नई महिला समिती की सर्वसाधारण सभा ६ जून को ॐ एवं एकल गीत के साथ प्रारम्भ हुई। अध्यक्ष साधनाजी ने सभी का स्वागत किया। सचिव शालिनीजी ने पिछली मीटिंग के मिनट्स पढ़ें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती लता मालपानी तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती नीमा जैन विशेष रूप से उपस्थित थीं। माहेश्वरी सभा चेन्नई ने लताजी को उनके सामाजिक कार्य के लिए महेश गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया। समिति की सदस्यों ने भी उन्हें सम्मानित किया, बधाई दी।

१ से ३ जुलाई को होने वाली FTS Exibition के बारे में चर्चा हुई और सभी से निवेदन किया गया कि ज्यादा से ज्यादा स्टॉल्स तथा Treasure Island के लिए अधिकतम पुरस्कार लेकर आएँ। ४ जुलाई को रामनाथपुरम् में वन यात्रा जाने का निर्णय लिया गया। जून माह का Birth Stone व दादी मां के नुक्से की जानकारी दी गई। हाऊजी एवं स्वादिष्ट अल्पाहार के साथ मेज़बान श्रीमती शांतिजी गुप्ता का धन्यवाद किया गया।

योग दिवस:

२१ जून को योग दिवस के अवसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती लता जी मालपानी एवं समिति सदस्य श्रीमती शोभा गोलेछा ने विरुद्धाचलम् अंचल में प्रवास किया। कार्यकर्ता एवं आचार्य और कुछ कॉलेज के विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

एकल शिक्षा Tablet Computers:

२५ जून को एकल शिक्षा Tab का शुभारंभ हुआ। विरुद्धाचलम् अन्ना ग्राम, सिरकालि संच में ९० Tablet Computers का बच्चों में वितरण हुआ। इस कार्यक्रम में माननीय श्याम जी, श्रीमती उर्मिलाजी सराफ एवं श्री बालसुब्रमण्यम उपस्थित थे।

एकल श्रीहरि रथ:

२७ जून को एकल श्रीहरि रथ को कुंभकोनम् में हरी झंडी दी गई। माननीय श्री श्यामजी गुप्त द्वारा इस रथ का उद्घाटन हुआ। उर्मिलाजी सराफ विशेष रूप से उपस्थित थी।

FTS Festive Fiesta:

चेन्नई महिला समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय FTS Festive Fiesta Exhibition में मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल श्री भूपेंद्र सिंहजी एवं उनकी पत्नी, विशेष अतिथि Express Mall की प्रमुख कविता जी सिंघानिया व उनकी माताजी सरोजजी गोयंका ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढाई। अध्यक्ष साधनाजी के नेतृत्व में समितिसदस्यों के अथक सहयोग से एग्ज़िबिशन बहुत सफल रही। काफी लोगों ने स्टॉलस् में भ्रमण किया और भरपूर खरीदारी की। ३ जुलाई को Exhibition सम्पन्न हुई।

वनबन्धु परिषद (FTS) के अपने स्टॉल में पुष्पाजी फोमरा का भरपूर सहयोग रहा। समिति की सभी सदस्याओं का उत्साह देखते ही बनता था।

वनयात्रा:

४ जुलाई को समिति के द्वारा ग्राम भारती नगर रामनाथपुरम में वनयात्रा का आयोजन किया गया। सुबह रामेश्वरम् में ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद दोपहर ३ बजे वन यात्रा गए। चेन्नई से १४ एवं पांडिचेरी से ३ सदस्य थे।

कार्यकर्ता एवं शिक्षकों द्वारा स्वागत के पश्चात् बच्चों ने नृत्य, कला और शिक्षा का प्रदर्शन किया। समिति ने ग्राम समिति प्रमुख से बातचीत की और तरह-तरह की योजनाओं को गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया। बच्चों को स्टेशनरी, मिठाई, ड्राइंग बुक्स, समिति सदस्याओं द्वारा वितरण किया गया।

जुलाई मीटिंग

१९ जुलाई को समिति की मीटिंग में विशाखाजी पंड्या ने Exhibition का पूरा विवरण बताया।

Fund Raising के इस कार्यक्रम की सबने बहुत प्रशंसा की।

दीपालीजी मोहता ने वनयात्रा की पूरी जानकारी दी। अगस्त में एक और वन यात्रा जाने का कार्यक्रम बनाया गया।

श्रीमती लताजी मालपानी एवं विमलाजी दमानी ने कहा कि सभी जन एकजुट होकर हिंदुत्व का और प्रचार करें। इस माध्यम को उन्होंने मंगल एकता का नाम दिया।

Swarovski की दो मालाओं की नीलामी की गई, जिसे लताजी मालपानी एवं वीणाजी झंवर ने खरीदा।

अंत में हाऊजी खेली गई और स्वादिष्ट एवं चटपटे व्यंजन से मीटिंग की समाप्ति हुई।

Media Prabhari
Smt. Sashi Saraf

वन बंधु परिषद इरोड महिला समिति द्वारा योग दिवस २१ जून को २५ सदस्यों की टीम ने वनवासियों के साथ योग व दूसरे कुछ क्रियाकलाप किए। कुछ नए सदस्य प्रभावित होकर संस्था के सदस्य बने।

'शी'(SHEE):

समिति ने जनता के उत्साह को देखकर मेंस्ट्रुएशन कप 'शी'(SHEE) के बारे में स्कूल एवं कॉलेज में जागरूकता/अभिज्ञता कार्यक्रम किया। ८ जुलाई को कलिंगा स्कूल में किए हुए इस कार्यक्रम को स्कूल की महिला शिक्षिकाओं ने काफी पसंद किया।

प्रदर्शनी में स्टॉल:

महिला समिति द्वारा ८ जुलाई को एक प्रदर्शनी में वनबन्धु परिषद का स्टाल लगाया गया। सभी ने मिलकर एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जनता को वनबंधु परिषद के पांचो आयामो की जानकारी दी। स्टाल से प्रचार तथा सेवापात्र से कुछ फंड भी प्राप्त हुआ।

SOUTH ZONE

KOCHI MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Gati Agarwal

On June 9th, Kochi Mahila Samithi organised a meeting at the residence of President Smt. Renu Mintri. All members were informed about FTS mentor, Shri. Shyamji Gupta's visit to Kerala in July. With great enthusiasm the members discussed and planned his welcome. Miss. Hetvi Lallan from NMMS University, was invited as the chief guest in this meeting. She had selected Ekal Vidyalayas as part of her project work related to NGOs in Kerala. President Smt. Renu Mintri explained about Ekal Vidyalayas, and the activities of FTS and Mahila Samiti. All the members were introduced to her along with their respective responsibilities in the Samiti. Miss. Hetvi Lallan said that she was proud to attend the meeting and also expressed her willingness to go on a Vanayatra to visit an Ekal Vidyalaya.

As Kerala was getting ready for the monsoon showers, it was also the best time of the year to rejuvenate and heal the body with Ayurvedic massages, yoga practises and special diets. Smt. Sonal Joshi, Yoga tutor introduced 'CHAIR YOGA', a simple Yoga method which can be done using a chair to make thebody more flexible. Her mantra was USE IT OR YOU WILL LOSE IT. She explained that these practises not only activate joint movements, but also align our body and enrich our mind and soul!

Ekal Shrihari Rath inauguration at Palakkad anchal by Shri. Shyamji

On July 8th, Mahila Samithi President Smt. Renu Mintri and Immediate Past President. Smt. Bhavana Parekh participated in the inauguration of the Ekal Shrihari Rath at Palakkad Anchal. Both of them had a casual meeting with our Mentor Shri. Shyamji Gupta and distributed sweets to the guests.

SOUTH ZONE

KOCHI MAHILA SAMITI

Mahila Samithi organised a special meeting on July 17th, which was graced by the Chief Guest. Hon. Justice Devan Ramachandran, High Court of Kerala, Shri. Shyamji Gupta, Shri. Anil kumar, National coordinator, Sambhag Pramukh and Bagh Pramukh. All of them were honoured by a memento.

Smt. Renu Mintri presented the book, 'SWARAJ KA SHANKHNAAD', to our Chief Guest. Hon. Justice. Shri. Devan Ramachandran, Judge High Court of Kerala. Kochi Mahila Samithi presented a welcome dance and the children of the FTS members presented a wonderful skit based on Ramayana. It was a skit portraying the scene where Hanuman shows his bhakti towards Ram and his PRERAK PRASANG. It was heart-warming to watch Hanuman showing Ram and Sita in his heart. Both Shyamji and Hon. Justice. Shri. Devanji were very impressed the skit and highly appreciated the efforts taken by the children. After the program, they interacted with our little Ram Sena who participated in the skit.

FTS Mahila Samiti, Kochi presented dance on Ekal Geet. All the members of the Mahila Samiti who participated in the meeting held placards which had messages about Ekal Abhiyan and Pancha Mukhi Shiksha.

Mahila Samiti is said to be the back bone of FTS and Kochi Samiti proved it by making this welcome program and meeting most colourful and meaningful. This well organised programme will linger in memories for a long time.

Media Prabhari
Smt. Sarika Kejariwal

डिब्रूगढ़ महिला समिति ने ४ जुलाई को डिब्रूगढ़ मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ३२ सदस्यों के साथ डिब्रूगढ़ संच के माइजन पाठार लेन में वनयात्रा की तथा वहां के सभी बच्चों को उपहार दिये। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए व वृक्षारोपण किया।

२१ जून को योग दिवस के पर महिला समिति की १३ सदस्यों की टीम बनाकर४ संच के ६ अलग-अलग स्कूल में दो दो सदस्यों ने गांव में जाकर योग दिवस मनाया। ग्रामवासी एवं बच्चे बहुत उत्साहित थे। दीप प्रज्वलन, मंत्र तथा स्वागत के बाद सभी बच्चों ने ओंकार, गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा आदि पढ़े एवं आचार्य के साथ पूरी दक्षता के साथ योगासन किया।२१ जून को योग दिवस के पर महिला समिति की १३ सदस्यों की टीम बनाकर ४ संच के ६ अलग-अलग स्कूलों में दो दो सदस्यों ने गांव में जाकर योग दिवस मनाया। ग्रामवासी एवं बच्चे बहुत उत्साहित थे। दीप प्रज्वलन, मंत्र तथा स्वागत के बाद सभी बच्चों ने ओंकार, गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा आदि पढ़े एवं आचार्य के साथ पूरी दक्षता के साथ योगासन किया।

वृक्षारोपण:

महिला समिति ने ६ जून को ऑल ग्रीन सोसाइटी के सहयोग से डिब्रूगढ़ एकल भवन में पर्यावरण दिवस मनाया और गिलोय, अर्जुन, नीम के पौधे लगाये।

प्रशिक्षण:

समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती शीला गाड़ोदिया तथा अतिथि शशी गाड़ोदिया ने ३ जुलाई को डिब्रूगढ़ कार्यालय में बहनों को शिल्प कला का प्रशिक्षण दिया।

मासिक बैठक:

महिला समिति की मासिक बैठक २८ जुलाई को हुई, जिसका एजेंडा था, आगामी मास में सेवा पात्र संग्रह, कार्यकर्ताओं के साथ रक्षा बंधन, अगले महीने में ग्राम के बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का बृहद आयोजन जो राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका देगा।

Media Prabhari
Smt. Neeru

मासिक बैठक:

वनबंधु परिषद सिलचर महिला समिति की मासिक मीटिंग २० सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। एकल मेला, राखी, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी मनाने की तारीख और कार्यक्रम निश्चित किये गए। चैप्टर एवं महिला समिति की संयुक्त बैठक २१ जून को होने वाले 'योग दिवस' के संबंध में रखी गई। सदस्य ग्राम स्तर पर होने वाले योग कार्यक्रमों में ज्यादा संख्या में पहुंचे इस पर मुख्य रूप से चर्चा की गई।

राखी के अवसर पर १७ जुलाई को समिति ने आचार्य भाई बहनों के लिए १५०० राखियां एकत्रित कर हर संच में भेजीं और सिलचर में उपस्थित कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर राखी बांधी, मुंह मीठा कराया और साथ ही मिठाई और चॉकलेट के डब्बे दिए।

सिलचर महिला समिति की महिलाओ ने Robinhood NGO के साथ मिलकर रंगपुर शमशान सिलचर में जाकर ४०० घरों को खाने का सामान वितरित किया। टोकन देकर वितरण करने का इंतजाम रखा था, इस कारण सामान वितरित करने में कोई दिक्कत नही हुई।

EAST ZONE
DHANBAD MAHILA SAMITI

Media Prabhari
Smt. Anuradha Agarwalla

कार्यकर्ता सम्मान दिवस

दिनांक १२ जून को धनबाद महिला समिति ने संक्रांति उत्सव तथा कार्य -कर्ता सम्मान दिवस मनाया। गोविंदपुरा स्थित अग्रसेन भवन में ६० पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के साथ मातृशक्ति ने यह उत्सव मनाया! प्रेम उत्साह से परिपूर्ण उत्सव की शुरुआत एकल गीत गान तथा दीप प्रज्वलन से किया गया!

Ekal Exposition 22:

Dhanbad Mahila Samiti had organised Grand Lifestyle Exhibition 'Ekal Exposition 22', for the first time with 70 members, karyakartas and Chapter team in Dhanbad on 18th and 19th June, Exhibition was a grand success. Along with various other stalls, Samiti had stall of Ekal products. Samiti managed to do Ekal branding with the help of this Exhibition.

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस:

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धनबाद एकल महिला समिति की १० बहनों ने बलियापुर संच के अलग अलग गांवो में योगाभ्यास करवाया व बच्चों एवं महिलाओ को योग के महत्व की पूरी जानकारी दी। तीनों गांवों में क़रीब २०० लोग मौजूद थे।

EAST ZONE
DHANBAD MAHILA SAMITI

आचार्य प्रशिक्षण वर्ग दर्शन:

महिला समिति गरबार ग्राम बलियापुर संच में १० दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में गई।

५० महिला आचार्य प्रशिक्षण के लिए आयी हुई थीं। कुछ अपने बच्चों के साथ थी। एकल महिला स्वावलंबन तथा भारत को शिक्षित करने के उद्देश्य में पूर्णतः सफल हैं तथा हम सब इसमें सहयोग कर पा रहे हैं यह देखकर बहुत प्रसन्नता हुई।

वनयात्रा:

दिनांक १३ जुलाई को वनबन्धु परिषद महिला समिति व धनबाद चैप्टर ने मिलकर के ढूंडी व छत्ततंड क्षेत्र में वन यात्रा की। पहाड़ों की तलहटी और वनों के बीच में स्थित, यह एकल विद्यालय अकल्पनीय हैं । धनबाद शहर से क़रीब ३० किलोमीटर दूर बसी वनवासी क्षेत्र में स्थित ये विद्यालय एकल अभियान की परिकल्पना को संपूर्ण करते हैं।

संपूर्ण भारत को शिक्षित करने का जो आह्वान एकल अभियान ने किया है उसमें सभी महिला समितिया मन और प्रण से समर्पित हैं!

Media Prabhari
Smt. Nivedita Bernwal

आदर्श गांव योजना:

वन बंधु परिषद जमशेदपुर महिला समिति ने 'आदर्श गांव योजना' की शुरुआत पोटका संच से की। १४ जून को अध्यक्ष नीलमजी केडिया और सदस्य श्रीमती रचना जी खंडेलवाल ने भाटीन, चाटीकोचा तथा बागो आदि गाँवों का दौरा किया।

कार्यकर्ताओं, आचार्यों और गांव के अन्य लोगों से पंचमुखी शिक्षा के आयामों पर चर्चा की तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन योजना, लाडली योजना आदि के बारेमें सभी को जानकारी दी व आवश्यक निर्देश भी दिये।

भाटीन गांव में आचार्य गौरी सरदार द्वारा चलाए गए सिलाई सेंटर का भ्रमण किया। गौरी सरदार बहुमुखी प्रतिभा की धनी है व कशीदाकारी, मालाएं तथा अन्य आभूषण तैयार करना इत्यादि अनेक हस्तकला के कामों भी बहुत माहिर है। इन प्रतिभाओं को और अधिक निखारने की जरूरत है। मई में दो सिलाई मशीन संस्था द्वारा उनको भेंट की गई व रोजगार देने के उद्देश्य से समिति ने उन्हे थैले सिलने की जिम्मेदारी भी दी।

'आओ पेड़ लगाएं हम, क्योंकि सांसे हो रही है कम':

५ जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं के बीच २०० फलदार पौधे वितरित किए।

सखी संगम:

११ जून को सखी संगम में 'नेचर और गार्डनिंग' चर्चा का विषय था। इस क्षेत्र की अनुभवी विशेषज्ञ श्रीमती प्रेरणा तोडी ने बागबानी से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण और उपयोगी गुर बताए। उन्होने घर के अन्दर तथा बाहर लगानेवाले, फूलदार तथा रंगबिरंगे पत्तों वाले पौधों के बारे में बहुत बारीक जानकारीयां दी व सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

आचार्य वर्ग प्रशिक्षण:

श्रीमती ममता अग्रवाल और श्रीमती शुभा कांवटिया ने ८ से १७ जून तक आयोजित १० दिवसीय आचार्य वर्ग प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर आचार्यों का मनोबल बढ़ाया।

प्रशिक्षण वर्ग में जाना बहुत ही अच्छा अनुभव था। सभी आचार्यों ने, खासकर महिला आचार्यों ने भी अपने घर और परिवार को छोड़कर १० दिनों के लिए इस प्रशिक्षण में भाग लिया। कुछ आचार्यों के साथ उनके छोटे-छोटे बच्चे भी थे। उनको देखकर लगा कि सच में ग्रामीण भारत में देश के प्रति सेवा भाव कूट कूट कर भरा हुआ है। सभी संचप्रमुख और कार्यकर्ताओं से भी अलग से एक बैठक की। सभी आचार्यों और कार्यकर्ताओं को उपहार स्वरूप एक टेबल घड़ी प्रदान की।

योग दिवस:

२१ जून चैप्टर के साथ १४ सदस्यों की एक टीम पांच संचों के अलग-अलग गांव में जाकर योग दिवस मनाया। इस प्रकार कुल १० गांवों में योग किया।

८ जुलाई की सखी संगम मीट में सदस्यों की संख्या काफी अच्छी रही। अपनी आगामी योजनाओं जिसमें मुख्य रुप से प्रदर्शनी तथा कोलकाता में होने वाली जोनल मीट के बारे में चर्चा की। गेम्स व सुस्वादु व्यंजनों का आनंद लिया।

Media Prabhari
Smt. Savita Agarwala

मासिक बैठक:

वनबंधु परिषद कोलकता महिला समिति की मासिक बैठक १ जून को ३० सदस्यों की उपस्थिति में हुई। पिछली मीटिंग के मिनट्स प्रस्तुत करने के बाद सचिव श्रीमती उर्वशी रस्तोगी ने 'एकल संगिनी' प्रदर्शनी के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की । श्रीमती शांताजी शारदा ने ईस्ट जोन के कोलकाता में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी । श्रीमती नीलम पटवारी ने एकल के बारे में पहेलियों का शानदार कार्यक्रम करवाया और बोल हाउजी के द्वारा सबका मनोरंजन किया । ३ नई सदस्याएं जुड़ीं। संगीताजी केजरीवाल के आतिथ्य सत्कार में सभी ने स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद लिया।

योग दिवस:

योग दिवस २१ जून को वनबंधु परिषद कोलकाता समिति से ५० सदस्य बंगाल के उत्तर एवं २४ परगना अंचल के ३ संच- फालता, हाबरा और ज्ञानघाटा में स्थित २५ गांव में संचालित हो रहे एकल विद्यालयों में गए । इसमें महिला समिति से १६ सदस्याएं थी । हर गांव में २ सदस्यों ने जाकर योग के बारे में बच्चों को बताया और आचार्य एवं कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास किया । सदस्यों ने ग्राम समिति के साथ विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी किया।

मासिक बैठक:

वनबंधु परिषद कोलकता महिला समिति की मासिक बैठक ६ जुलाई को ओम के साथ प्रारम्भ हुई।
२५ जुलाई को होने वाली 'एकल संगिनी' प्रदर्शनी तथा २६ जुलाई को होने वाली ईस्ट जोनल मीटिंग पर चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्याओं ने प्रदर्शनी तथा मीटिंग के लिए आवश्यक कार्यों के लिए भरपूर सहयोग देने का संकल्प किया। सुप्रसिद्ध पोषण विशेषज्ञ श्रीमती प्रियंका शाह के टॉक शो का आयोजन किया गया। उन्होंने दैनिक खानपान संतुलित आहार, एवं जीवन शैली के बारे में सबको जानकारी दी; कई उपाय बताए तथा प्रश्नों के उत्तर दिए। सभी ने सुशीलाजी गोलछा द्वारा बनाए गए व्यंजनों का आनंद लिया और उनके सुव्यवस्थित आयोजन की काफी प्रशंसा की।

एकल संगिनी:

महिला समिति एवं एकल युवा द्वारा 'एकल संगिनी' प्रदर्शनी का आयोजन २५ जुलाई को होटल ताज बंगाल में हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन सुविख्यात डिजाइनर श्रीमती जया राठौड़ द्वारा हुआ। प्रसिद्ध Blogger श्रीमती चिक्की गोयनका भी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थी। दोनों अतिथियों ने एकल के कार्यों की बहुत सराहना की और एकल के लिए हर प्रकार से सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनी में एकल के संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए TV तथा Standies लगाए गए, एकल के वीडियो प्रसारित किए गए, जिसमें विभिन्न आयामों को दर्शाया गया। कुल ५५ स्टॉल में कपड़े, ज्वेलरी, सजावट और चांदी के सामान तथा खाने की वस्तुएं इत्यादि थीं। सजावट की थीम ट्राइबल रखी गई। वनबंधु परिषद के स्टॉल पर एकल के उत्पादों का बहुत अच्छी मात्रा में विक्रय हुआ। इस आयोजन में राष्ट्रीय महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती लता मालपानी, जोनल ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री श्रीमती विमला दमानी सहित ईस्ट जोन की ७ समितियों तथा ४ सह समितियों की उपस्थिति काफी उत्साह पूर्वक रही। श्रीमती विमलाजी द्वारा १५ लाख रुपए की राशी एकल श्रीहरि रथ के लिए दी गई। सभी वरिष्ठ सदस्यों विशेषकर राष्ट्रीय संरक्षिका श्रीमती पुष्पाजी मूंदड़ा के मार्गदर्शन में महिला समिति और एकल युवा के सदस्यों ने मिलकर यह प्रोजेक्ट किया, जो अति सफल रहा। बहुत समय बाद हुए इस आयोजन की सबने प्रशंसा की और इससे उपलब्ध राशि को बच्चों की शिक्षा हेतु निवेश किया जाएगा।

Media Prabhari
Smt. Neeta Goel

योग दिवस:

वनबंधु परिषद पटना महिला समिति ने २१ जून को बिदुपुर गांव में जाकर स्कूल के बच्चों के साथ योग किया गया। उस दिन का नारा था, 'करे योग, रहे निरोग'।

मासिक बैठक:

महिला समिति की मासिक बैठक ६ जुलाई को २५ सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। ओम व एकल गान के बाद अध्यक्ष केसरी जी ने सभी का स्वागत किया। समिति की सभी बहनों ने मिलकर सैनिक भाइयों के लिए स्वयं राखी बनाई। ६ अगस्त को दानापुर कैंट सैनिक छावनी में समिति राखी बांधने जाएंगी। समिति ने मारवाड़ी महिला समिति के साथ मिलकर ११०० राखियां इकट्ठी की और फौजी भाइयों के नाम प्यारे संदेश के साथ सरहद पर भी भेजी। आरो मशीन से पानी वेस्ट होता है, उसे हमें बचाना चाहिए। इस बात का डेमोंस्ट्रेशन किया गया। हाउजी और जलपान के बाद शांति मंत्र से मीटिंग का समापन किया गया।

शिवांगी दास को पढ़ाई के लिए १ जुलाई को पटना महिला समिति की बहनों के सहयोग से रु११०००/- की सहायता की गयी। इस बच्ची का मां के सिवा कोई नहीं है। ऐसे लोगों का उत्साह बढ़ाने में महिला समिति की बहने सभी आगे हैं और रहेंगी।

वनबंधु परिषद पटना महिला समिति की तरफ से ९ जुलाई को राजीव नगर में सिलाई विद्यालय खोला गया वहां पर एक नई तथा एक पुरानी सिलाई मशीन, आवश्यक सामान तथा कुछ नए पुराने कपड़े भी दिए गए। उन्होंने चादरों से थैले बनाए जिसे समिति ने शबरी बस्ती में बांट दिया। अभी वहां १५ बच्चियां सिलाई सीख रही हैं।

वनबंधु परिषद पटना महिला समिति द्वारा १५ जुलाई को सावन मिलन का आयोजन किया गया। ३०० महिलाएं उपस्थित थी। अध्यक्ष केसरीजी ने सभी का स्वागत किया। गणेश वंदना, सावन के गीत तथा अनेक डांस आदि प्रोग्राम हुए। गेम और हाउजी में सभी ने खूब जोर शोर से भाग लिया।
शॉपिंग स्टॉल्स पर सभी ने काफ़ी शॉपिंग की और स्वादिष्ट जलपान का भरपूर मजा लिया।

Media Prabhari
Smt. Anita Tulsyan

Celebrating World Milk Day

On 1st June, known as 'World Milk Day', Ranchi Mahila Samiti decided to spread awareness about beginning each day with the nutrients of milk in order to be healthy n joyful and enjoy milk as we enjoy butter or cheese or relish it as ice cream or yogurt.

Samiti Members were delighted to distribute milk, buttermilk and sharbet at Rajendra chowk and High court Rd. It was a great experience and they are looking forward to partake in more such services.

स्लो साइकिल प्रतियोगिता

३ जून को रांची महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती बबिता जालान की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने वन यात्रा के दौरान समितियों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। बुंडू संच के बारेडीह ग्राम के विद्यालय प्रांगण में ग्रामीणों ने वनयात्रा के दौरान बच्चों को साइकिल का महत्व को बताते हुए साइकिल रेस का आयोजन किया जिसमें २५ बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। तीन विजेताओं को आकर्षक इनाम देकर उत्साहित किया गया। ११ महिलायें व समिति और झारखंड संभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

Visit to Adim Jati Anath Ashram

On 29th June 10 members of Ranchi Mahila samiti visited Aadim Jati Aanath Ashram at Navaranpur. The ashram has a capacity of about 70 children but only 35 were present. Mahila Samiti organised a spoon race in two groups, first and second prizes were given. Food packets, toothbrushes, butter milk, frooti and biscuits were given to the children, which bought a smile on their faces. It was really very depressing to see a few disabled children.

Members spoke to them about the importance of proper hygiene for living healthy life. Ekal Abhiyan is doing the job of imparting good education to the children. The officer in charge explained how they train the children in other vocations too such as carpentry,handicrafts and other jobs. Visiting them and meeting them gave the Samiti first hand knowledge about their requirements and is hence planning to dispatch more goods to them as per their needs.

योग दिवस:

२१ जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समिति ने चैप्टर के साथ मिलकर १९ सदस्यों की टीम तैयार की जिन्होंने १९ संचों के अलग-अलग गांव में जाकर बच्चों, आचार्यों और गांव के लोगों के साथ मिलकर योग किया। योग से निरोग रहने के महत्व के बारे में बच्चों को बताया।

Visit to Adim Jati Anath Ashram

On 29th June 10 members of Ranchi Mahila samiti visited Aadim Jati Aanath Ashram at Navaranpur. The ashram has a capacity of about 70 children but only 35 were present. Mahila Samiti organised a spoon race in two groups, first and second prizes were given. Food packets, toothbrushes, butter milk, frooti and biscuits were given to the children, which bought a smile on their faces. It was really very depressing to see a few disabled children.

Members spoke to them about the importance of proper hygiene for living healthy life. Ekal Abhiyan is doing the job of imparting good education to the children. The officer in charge explained how they train the children in other vocations too such as carpentry,handicrafts and other jobs. Visiting them and meeting them gave the Samiti first hand knowledge about their requirements and is hence planning to dispatch more goods to them as per their needs.

योग दिवस:

२१ जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समिति ने चैप्टर के साथ मिलकर १९ सदस्यों की टीम तैयार की जिन्होंने १९ संचों के अलग-अलग गांव में जाकर बच्चों, आचार्यों और गांव के लोगों के साथ मिलकर योग किया। योग से निरोग रहने के महत्व के बारे में बच्चों को बताया।

EAST ZONE

RANCHI MAHILA SAMITI

सिलाई सेंटर का उद्घाटन:

२३ जुलाई को रांची अंचल रातु, संच ठाकुर गाँव ग्राम गेसवे में अध्यक्ष श्रीमती बबिता जालान व रांची महिला समिति द्वारा बालिका सशक्तिकरण एवं ग्रामोत्थान हेतु सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया। सभी सदस्यों का ग्रामीणों ने आम्र पल्लव से बनाया सुन्दर हार और टोपी पहनाकर स्वागत किया। सेंटर में दो सिलाई मशीन व आवश्यक सामान के साथ दो सिलाई ट्रेनर को साड़ी तथा सभी बच्चों को कम्पास सेट पेंसिल, रबर, बिस्कुट, सेव आदि दिया गया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय महिला मार्गदर्शक श्रीमती ऊषा जालान ने कहा कि बालिका और महिला सशक्तिकरण हमारे देश की एक मजबूत कड़ी है। बालिकाओं एवं महिलाओं को हुनर सिखाकर स्वरोजगार और स्वावलम्बन बनाना एकल अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी जैन, सचिव अनिता तुल्स्यान के साथ अन्य पदाधिकारी व युवा भी उपस्थित थे।

Working together towards an united and literate India
More encouraging ideas in the next edition.

Thankyou